SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (**Andhra Pradesh**): Thank you, Madam, for giving this opportunity. Madam, the instant Bill proposes to rationalizing criminal provisions and ensuring the citizens, business and the companies operate with fear of imprisonment for minor technical or procedural defaults. Also, the nature of penal consequences of an offence committed must be commensurate with the seriousness of the offences. This Bill seeks to establish a balance between severity of the offence and the gravity of the punishment provided in this regard. Madam, already the impact of climatic change is felt in each and every sphere of the environment. The instant Amendment Bill provides for the very mild punishments for certain offences consisted in the principal Act. If this is allowed, the water, one of the important aspects of the environment, will be polluted more. Prescribing mild punishment in the pretext of rationalizing criminal provisions will not deter the public, entrepreneurs and other business establishments. For example, in Andhra Pradesh, there is a Rushikonda, a hill area which is there as a tourist spot. The tourist place has been totally destroyed and demolished, causing environmental effected pollution. The matter has already been brought to the notice of the Central

Government also. After demolishing the said tourist place, the Government of Andhra Pradesh has invested Rs.600 crores for constructing a CM camp office. It is public money. Public are not allowed to visit the Rushikonda. They have caused a lot of environmental problems and they wanted to convert it to CM's complex. Apart from that, they are also causing damage to the entire developmental activities in Visakhapatnam. Likewise, with regard to the provisions of this Act, Section 45A of the principal Act, 'If any person contravenes any of the provisions of this Act or any order or direction issued, the penalty may be extended to Rs.15 lakhs, from Rs.10,000 to Rs.15 lakhs.' Coming to the adjudicating aspect, the Central Government for the purpose of determining the penalties, provision is there of appointing an officer not below the rank of Joint Secretary; that is an executive function. Though quasi-judicial functions were entrusted to the executing authority, the nature of disposal and nature of grievances are to be addressed by following the procedural aspect also. There is a clear cut violation which is going on and that we have been experiencing. The amount of penalties imposed under the provisions of Sections 41, 41A, 42 to 45 shall be in addition to the liability to pay relief or compensation under Section 15, read with Section 17 of the National Green Tribunal. It is a

double punishment imposed on that. It is contrary to the provisions of the principal Act... ...(*Time-bell rings*)... Coming to another aspect, any person aggrieved by the order of the adjudicating officer under Section 49B may prefer an appeal to the National Green Tribunal under Section 3 of the National Green Tribunal Act. The National Green Tribunal is already overburdened with regard to the matters relating to the environmental factors pollution. Coming to this aspect, under this Act also, the appeals are preferred to the National Green Tribunal. It will then be overburdened. It is better to constitute a tribunal separately and take appropriate steps to dispose of the matters within a specified time. Thank you.

(Ends)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. AMEE YAJNIK): Now, Shri Kailash Soni. You have five minutes.

श्री कैलाश सोनी (मध्य प्रदेश) : माननीया उपसभाध्यक्ष जी, मैं जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 में प्रस्तावित संशोधन के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। सबसे पहले तो मैं माननीय भूपेन्द्र यादव जी का साधुवाद करना चाहता हूँ, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहता हूँ कि सामाजिक जीवन में बहुत लंबे समय से, 1974 के बाद विकसित भारत के रास्ते में कुछ अवरोध थे, उनको दूर करने के लिए और दूसरा, जल, जो पंच महाभूतों में से एक है, जो हमारे जीवन की अवधारणा को

बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, उसका संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग हो, इसके लिए कानूनों में संशोधन की आवश्यकता थी। इसके लिए हम भूपेन्द्र यादव जी का अभिनंदन करते हैं और उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

(3ओ/पीएसवी पर जारी)

PSV-DPK/3O/4.05

श्री कैलाश सोनी (**क्रमागत**) : लोकतंत्र में कानून ही प्राण है। लोकतंत्र पहलवानी का विषय नहीं है। लोकतंत्र में है कि जनता जो दर्द महसूस करे, उस पर सरकार जितनी जल्दी निर्णय करे और कानून बनाये, वह सफलतम और अच्छी सरकार है। इसलिए हिन्दुस्तान में सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी स्थापित हुए हैं। पूरे सदन के ध्यान में होगा कि आजादी के बाद ऐसा इतिहास हिन्दुस्तान की किसी सरकार ने स्थापित नहीं किया कि अंग्रेजों के इतने कानून निरसित किये गये और देश, काल तथा परिस्थिति के अनुरूप इतने नये कानून स्थापित किये गये। कानूनों के कारण सरकार की पहचान होती है। हमारे लोकतंत्र के सबसे बड़े समीक्षक, सी. राजगोपालाचारी जी, डा. राम मनोहर लोहिया जी और हमारे जो गाइड, गार्जियन और फिलॉस्फर हैं, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी - सबकी एक अपेक्षा रही है कि जनता के अनुरूप कानून हो।

यह कानून तीन लक्ष्यों को लेकर प्रस्तुत किया गया है। नम्बर एक, पानी की शुचिता, उसकी गुणवत्ता बनी रहे, उसका उपयोग ठीक ढंग से हो; दूसरा, अपने पानी के कारण हमारे 'विकसित भारत' की कल्पना अवरुद्ध न हो, इसलिए विकास के रास्ते

में उसके भीतर के जो अवरोध हैं, वे इसमें साफ हो जाएँ; और नम्बर तीन - कानून की एकरूपता। इस कानून की विशेष बात यह है कि जून, 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के बाद हमारे लोगों के साथ-साथ हमारी वनस्पतियों और जीवों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरे में डालने वाली व्यापक पर्यावरणीय समस्याओं के लिए पूरे देश में एक समान कानून बनाना उचित समझा गया और इसीलिए हमारे देश में 1974 में इस दिशा में हमारी भारतीय संसद ने यह कानून बनाया। इस अधिनियम में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक तंत्र बना। यह अधिनियम जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण तथा जल की पूर्णता को बनाये रखने और बहाल करने लिए मुख्य कानूनों में से एक है। जल अधिनियम जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए केन्द्रीय और राज्य बोर्डों की स्थापना का प्रावधान करता है और इन्हें इससे सम्बन्धित शक्तियाँ भी प्रधान करता है। चूँकि जल भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची में प्रावधानित किया गया है, यह एक राज्य का विषय है, इसीलिए जल अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 352 के खंड 1 के अनुसरण में, अर्थात् असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्णाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा और पश्चिमी बंगाल राज्यों के सदनों द्वारा पारित किये गए प्रस्ताव के अनुरूप स्थापित किया गया।

इस अधिनियम द्वारा, इसका 1974 का जो अधिनियम है, इसमें जो विसंगति है, इसमें विभिन्न दंडात्मक प्रावधान किये गये हैं। जैसे, धारा 20, 32, 33, 33ए के तहत जारी किये गये निर्देशों का उल्लंघन करने पर उल्लंघनकर्ता को 3 महीने तक की कैद

या जुर्माने से दंडित किया जा सकता है तथा धारा 30 या 33ए का उल्लंघन करने पर एक अवधि के लिए कारावास से भी दंडित किया जा सकता है, ऐसी अवधि जो 1 वर्ष और 6 महीने से कम नहीं होगी, लेकिन जिसे 6 साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

(3पी/वीएनके पर जारी)

VNK-SSS/3P/4.10

श्री कैलाश सोनी (क्रमागत) : यदि यह विफलता जारी रहती है, तो अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है, जो प्रत्येक दिन के लिए 5 हजार रुपए तक बढ़ाया जा सकता है। अगर इसके दौरान ऐसी विफलता जारी रहती है, इस तरह की पहली विफलता के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद यदि उल्लेखित विफलता दोष सिद्धी की तारीख के बाद एक वर्ष की अवधि से अधिक तक जारी रहती है, तो दोषी पाए जाने पर अपराधी को कारावास की सजा होगी, जो दो साल से कम नहीं होगी, लेकिन इसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है। इससे देश में काम करने वाले, जल का उपयोग करने वाले उद्योगपतियों में एक भय का वातावरण बनेगा। इसको संशोधित करने की आवश्यकता महसूस हुई और यह वर्तमान संशोधन प्रस्तुत किया गया। **...(समय की घंटी)...**

महोदया, मैं आखिर में इसके मूल उद्देश्य को बता कर अपनी बात समाप्त करता हूँ। इसका मूल उद्देश्य है - छोटे अपराधों के लिए कारावास के डर को खत्म कर देना, व्यापार करने में आसानी की दिशा में एक कदम, प्रस्तावित दंड छोटे उल्लंघनों में अभियोजन के उत्पीड़न के बिना उल्लंघनों के खिलाफ एक निवारक भी साबित होगा।

यह प्रस्ताव सभी न्याय क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को एक समान बना देगा, ताकि उद्योगों को कई अलग-अलग अनुपालनों का पालन न करना पड़े। वायु अधिनियम के तहत कुछ उद्योगों को अनुपालन से छूट देने के लिए सरकार को सशक्त बनाने के लिए एक सक्षम प्रावधान भी प्रस्तावित है।...(**समय की घंटी**)... इसके लिए यह संशोधन प्रस्तुत है। महोदया, मैं आपके माध्यम से सभी से अनुरोध करता हूँ कि सर्वानुमति से इसको पारित करने की कृपा करें, बहुत-बहुत धन्यवाद।

(समाप्त)

उपसभाध्यक्ष (**डा. अमी याज्ञिक**) : धन्यवाद। डा. अशोक बाजपेयी जी। आपके पास पाँच मिनट का समय है।

डा. अशोक बाजपेयी (उत्तर प्रदेश) **:** माननीया उपसभाध्यक्ष जी, 1972 में human environment को लेकर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हुई और उसमें यह तय हुआ कि वायु और जल प्रदूषण को लेकर चिंता की जाए। इसके चलते भारतीय संसद में 1974 में एक कानून पास किया गया। जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए यह कानून बनाया गया। इसमें यह व्यवस्था की गई कि अलग-अलग राज्य.....

(**श्री उपसभापति** *पीठासीन हुए*)

मान्यवर, जल संविधान की सातवीं अनुसूची में आता है, जो राज्य सरकारों का विषय होता है, इसलिए इसमें राज्य सरकारों के द्वारा इसके लिए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड बनाने की व्यवस्था की गई। इसके तहत विभिन्न राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्य में पॉल्यूशन को रोकने के लिए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पॉल्यूशन कंट्रोल

बोर्ड की स्थापना की। लेकिन अलग-अलग राज्यों के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की अलग-अलग नियमावली थी, अलग-अलग कार्यावली थी, इसलिए बार-बार ऐसा विचार किया गया कि कैसे इस देश में इसको लेकर एकरूपता लाई जा सके। 1974 के कानून में जो व्यवस्था थी, उसमें कुछ ऐसी कठोरता थी, जिसके चलते बहुत सारे उद्योगों को लगाने में काफी बड़ी जटिलता का सामना करना पड़ता था। इससे उद्यमी परेशान होकर उद्योग से विमुख हो जाया करते थे। उद्योग भी प्रभावित न हो और उसके साथ ही साथ उद्योग से जो अवशिष्ट निकलते हैं, उससे जल भी न प्रदूषित हो, इसमें इसका भी ध्यान रखा गया है, क्योंकि जल ही जीवन है और जल हमारे जीवन का मुख्य आधार है। इन दोनों के बीच में बैलेंस बनाना जरूरी है, ताकि हमारे यहाँ इस कानून के चलते उद्योग भी प्रभावित न हो और इसमें कोई शिथिलता बरतने से ऐसा न हो कि जल और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। इन दोनों चीजों का समन्वय करते हुए यह कानून लाया गया है। यह संशोधन कोई बड़ा संशोधन नहीं हैं। हमने इसमें केवल दंड के प्रावधान का सरलीकरण किया है। इसके लिए जो दंड की व्यवस्था है, उसमें जो कारागार और कठोर श्रम की व्यवस्था थी, उसको कम करके जुर्माना लगाने की बात की गई है। वह जुर्माना भी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को ही जाएगा, जो प्रदूषण नियंत्रण करने के लिए ही उपयोग में आ सकेगा। उद्यमियों से लिया गया जुर्माना पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के लिए ही सहायक होगा।

(3क्यू/डीएस-एनबीआर पर जारी)

NBR-DS/3Q/4.15

डा. अशोक बाजपेयी (क्रमागत) : मान्यवर, इसके साथ-साथ वायु प्रदूषण को भी रोकने वाली जो व्यवस्था थी, उसके चलते भी जिन उद्योगों से वायु प्रदूषण प्रभावित नहीं होता था, बल्कि वायु का वातावरण ही प्रभावित होता था, उनको लगाने की अनुमति भी होगी। साथ ही साथ, इसमें यह व्यवस्था भी की गई है कि जो स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड होगा, उसके चेयरमैन के लिए कुछ मानक निर्धारित किए गए हैं और उसके लिए भारत सरकार द्वारा इस कानून के द्वारा जो मानक बनाए गए हैं, उनके अनुरूप ही स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन की नियुक्ति जाएगी। साथ ही साथ, जिन लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है, उनके लिए एक न्यायिक व्यवस्था भी की जाएगी। इसके लिए एक न्यायिक प्रक्रिया होगी, एक जुडिशियल ऑर्डर होगा, जिसके तहत अगर कोई उन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके ऊपर आर्थिक दंड लगाया जा सकेगा। लेकिन, कुल मिलाकर इसका उद्देश्य यह है कि एक ऐसा कानून बने, जिससे पर्यावरण नियंत्रित रहे, पर्यावरण संरक्षित रहे और प्रदूषण की भी रोकथाम हो सके, साथ ही साथ हमारे विकास का जो पहिया है, वह भी न रुकने पाए। यह विकास और पर्यावरण, इन दोनों के बीच संतुलन बनाने वाला कानून लाया गया है।

माननीय उपसभापति जी, सबसे बड़ी बात यह है कि इस कानून के लाने के बाद हम पूरे देश में एकरूपता ला सकेंगे। अलग-अलग राज्यों के जो प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड थे, उन सबकी अलग-अलग व्यवस्था और नियमावली थी, लेकिन अब इस कानून के बनने के बाद सारे देश में कानून में एकरूपता आ सकेगी और साथ ही, जो केंद्रीय

कंट्रोल बोर्ड होगा, उसको कुछ अधिक अधिकार इसलिए होंगे, क्योंकि बहुत से उद्योगों को लगाने में अगर पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा है और राज्य सरकारें अगर उनमें अनापत्ति नहीं दे रही हैं तो भी उन्हें लगाने का अधिकार केंद्रीय पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड दे सकेगा। इसी तरीके से, वायु को प्रदूषित नहीं करने वाले उद्योगों को लगाने के लिए भी अगर राज्य सरकारें या राज्य पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड परमिशन नहीं देता है तो केंद्रीय पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड उसके लिए अनुमति दे सकेगा। यह अधिकार केंद्र सरकार को होंगे, जिससे हमारे विकास की गति भी तेज रहेगी। कुल मिलाकर, भारत सरकार की प्रतिबद्धता इस बात के प्रति है कि वह लोगों को स्वच्छ जल दे सके। हर घर को शुद्ध जल मिल सके, आज जल की इस व्यवस्था को लेकर भारत सरकार बहुत अधिक चिंतित है। माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह से हर घर में नल से जल पहुंचाने का काम किया गया है, वह अपने में अभूतपूर्व है। लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके, मैं समझता हूँ कि इस कानून के आने से निश्चित रूप से उसको बल मिलेगा। ...(**समय की घंटी**)... आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(समाप्त)

श्री उपसभापति : माननीय बाजपेयी जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय मंत्री जी, आपका जवाब।

SHRI BINOY VISWAM: Sir, I have given my name.

SHRI M. SHANMUGAM: Sir, I have also given my name.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All names have been called. ...*(Interruptions)*... एक मिनट। Please take your seats. ...*(Interruptions)*... माननीय सदस्यगण, नियम यह है कि बहस शुरू होने के आधे घंटे पहले आप नाम भेजेंगे, लेकिन आप लास्ट में नाम भेजते हैं, तो फिर वह संभव नहीं है। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़। माननीय मंत्री जी, आपका जवाब। ...(**व्यवधान**)...कोई और बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव) : माननीय उपसभापति महोदय, आज इस चर्चा में विभिन्न दलों के 9 वक्ताओं ने भाग लिया है और यह जो वाटर प्रिवेंशन बिल है, इस पर बहुत अच्छे तरीके से अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। कुछ लोगों ने संशय भी उठाया, जिसका मैं निश्चित रूप से जवाब दूंगा, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि ज्यादातर सदस्यों की यह भावना थी कि देश के विकास के लिए कुछ कानूनों के द्वारा जिस प्रकार से हम तकनीकी अवरोध उत्पन्न कर देते हैं, उसको समाप्त करने का इस बिल में पूरा प्रयास किया गया है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके सामने यह भी कहना चाहूँगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी ने पिछले वर्ष वाराणसी में देश की जनता के सामने जो 9 आग्रह रखे थे, उनमें से उन्होंने सबसे पहला आग्रह देश में जल के संरक्षण को लेकर हर नागरिक के जागरूक होने का किया था। यही कारण है कि जब आज़ादी के 75 वर्ष पूरे हुए और पूरा देश 'अमृत उत्सव' मना रहा था, तब माननीय प्रधान मंत्री जी ने सबके सामने 'अमृत सरोवर' की संकल्पना रखी।

(3आर/एमज़ैड पर जारी)

MZ-PB/4.20/3R

श्री भूपेन्द्र यादव (क्रमागत) : हम सब सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में 75 अमृत सरोवर के लिए कार्य किया और सरकार का जो टारगेट था, उस टारगेट को भी पूरा किया गया है। हम अपने देश में जल संरक्षण को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इसीलिए दुनिया भर में प्राकृतिक झीलों के संरक्षण के लिए जो रामसर साइट्स तय की जाती हैं, आज़ादी के 75 वर्ष होने पर भारत की 75 वॉटर बॉडीज़ को रामसर साइट्स का दर्जा दिया गया है, जो प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जल संरक्षण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

महोदय, इतना ही नहीं, हमारी सरकार आने के बाद हमारे देश में जल मंत्रालय बना, माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जल-जीवन मिशन आया और जल-जीवन मिशन को आगे बढ़ाते हुए दूर-दराज़ के गावों तक जिन लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिलता था, उनके लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता कराई गई। जल संचय के लिए catch the rain को लेकर 'जल शक्ति अभियान' चलाया गया। 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' में हर खेत को पानी और हर बूंद की रक्षा के लिए विषय लिया गया। देश में भूमिगत जल के लिए 'अटल भू-जल योजना' और शहरी क्षेत्रों में जल सप्लाई के लिए 'The Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation', AMRUT Yojana के तहत शहरों में जल प्रबंधन के कार्य किए गए हैं। ये सब कार्य देश में जल के संरक्षण के लिए किए जा रहे हैं। महोदय, मुझे खुशी है कि हमारे देश के वामपंथी विचारधारा के सदस्य डा. वी. शिवादासन बोल रहे थे, वे लोग भी अब गंगा की पवित्रता की चिंता कर रहे हैं, वे अब कुछ बदलने लग गए हैं। मैं आपको यह कहना चाहूंगा कि

माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में 'नमामि गंगे प्रोजेक्ट' के तहत रिवर की वॉटर क्वालिटी, performance of sewerage treatment plants, common effluent treatment plants आदि को लेकर माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सरकार के द्वारा काफी कार्य हुआ है। आपने जो संशय उठाए थे, उनको लेकर भी सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के द्वारा समय-समय पर गाइडलाइंस इश्यु की गई हैं। मैं इस विषय की बात इसलिए कर रहा हूं कि मैं जिस वॉटर एक्ट के अमेंडमेंट की बात कर रहा हूं, उसकी भूमिका के संबंध में जो विषय बिल के अतिरिक्त आए थे, उन विषयों को मैंने सामने रखा है, लेकिन जब जवाहर सरकार जी बोल रहे थे, तब उन्होंने एक विषय रखा था कि इन संशोधनों से प्रदूषण के खिलाफ हमारा जो संकल्प हैं, वह कहीं कमज़ोर तो नहीं पड़ जाएगा। दूसरी तरफ जब हमारे टीडीपी के साथी रवींद्र कुमार जी बोल रहे थे, तो उन्होंने कहा कि इससे निश्चित रूप से छोटे प्रावधान, जो तकनीकी अवरोध उतपन्न करते हैं, उनको दूर करने का प्रयास किया है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि ये जो वॉटर एक्ट बना था, इसमें जो मामूली उल्लंघन थे, साधारण प्रकृति के उल्लंघन थे, वास्तव में जिससे मनुष्यों को कोई हानि या पर्यावरण को कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं होता था, उसमें भी इस बिल के अंतर्गत कारावास के प्रावधान थे। हम इनको एक लम्बे समय तक लगातार चलाते रहे, जैसे मैं उदाहरण के लिए कहना चाहूंगा कि अगर सेक्शन 20 में कोई जल निकासी है, या उसके निस्तारण के संबंध में अगर किसी ने फॉर्म भी नहीं भरा, तो उसके ऊपर भी कारावास की सज़ा थी। सेक्शन 32, 33 और 33ए के अंतर्गत

जारी आदेशों का उल्लंघन, जो यद्यपि सामान्य प्रकृति के नहीं हैं, लेकिन न्यायिक कार्यवाही के अंतर्गत आते हैं और वे बहुत समय लेते हैं, उसमें तुरंत दंड नहीं भोगना पड़ता, लोग कोर्ट में रहते हैं, तो इंडस्ट्री कोर्ट में ही घूमती रहती है और कोई समाधान भी नहीं निकलता है। कई बार जब decriminalization का बात आती है, तो दो विषय हैं।

(3S/DN पर जारी)

DN-SKC/3S/4.25

श्री भूपेन्द्र यादव(क्रमागत) : एक जानबूझकर गलत कार्य करना और एक अनजाने में गलत कार्य हो जाना। जो जानबूझकर गलत करते हैं, वे गलती भी करते रहते हैं और न्यायालय में जाकर प्रोटेकशन भी लेते हैं। हम जो प्रावधान लेकर आए हैं, उसके अंतर्गत हम कई बार कहते हैं कि 'देर है, अंधेर नहीं।' मेरा मानना है कि देर ही अपने आप में अंधेर होती है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हम जो प्रस्तावित परिवर्तन लेकर आए हैं, उसमें उनको जुर्माना भरना पड़ेगा और गलती के दोहराव होने पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना देना पड़ेगा, इसलिए de-criminalization से, यह एक तरीके से सही तरीके पर चलने के लिए सरकार ने रास्ता प्रशस्त किया है। इससे अनावश्यक न्यायिक कार्रवाई भी हटेगी और लोग सही रास्ते पर चलने का प्रयास करेंगे। दूसरा, मैं यह कहना चाहूंगा कि एक विषय आया था। रवींद्र कुमार जी NGT के प्रावधान की बात कह रहे थे। कुछ सदस्यों ने यह भी बताया कि हमारे YSRCP के सुभाष चन्द्र जी कह रहे थे कि इस पर अलग से authority बननी चाहिए। हमने

Adjudicating Officer की व्यवस्था इसलिए की है, ताकि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ अगर कोई जुर्माना लगाने का प्रावधान हो, तो उसको एक निष्पक्ष authority देनी चाहिए, जो सामान्य न्यायिक प्रक्रिया से दूर होकर सुगम तरीके से वह अपना पक्ष रख सके, अपने तथ्य रख सके, किसी पर अनावश्यक जुर्माना न हो। जो Adjudicating Authority है, उसकी अवधारणा के लिए केंद्र सरकार के द्वारा गाइडलाइन बनाने का इसमें प्रावधान किया गया है। अगर adjudicating authority भी किसी प्रकार से कोई गलत निर्णय करती है, तो निश्चित रूप से appellate authority होनी चाहिए और appellate authority के नाते हमने NGT को रखा है, इसलिए मेरा यह मानना है कि Adjudicating Authority के होने से कार्य में सुगमता और निष्पक्षता दोनों आएंगी।

सर, तंबी दुरै जी ने तमिलनाडु के विषय के बारे में बताया। वह दो राज्यों के जल प्रदूषण का मामला है, लेकिन कई लोगों का यह भी कहना है कि खासकर सेक्शन 25 और 26 के लिए कि आपने पूरे तरीके से de-criminalize क्यों नहीं किया? अगर कोई consent to operate लिए बगैर अपनी इंड्स्ट्री को शुरू कर देगा, तो निश्चित रूप से वह सीधा-सीधा violation है। उसके लिए हमने इसको 25 और 26 में केवल प्रावधान कर छोड़ा है, ताकि कम से कम सरकारी प्रक्रिया है, उसको पूरे तरीके से आप जो भी धरती की जल की क्षमता का उपयोग करना चाहते हैं, उसकी आप पूर्व अनुमित दो, ताकि comprehensive तरीके से इंडस्ट्री के विषयों पर विचार किया जाए। जहां तक इसमें राज्य प्रदूषण बोर्ड को गाइडलाइन देने का विषय है, हम सब जानते हैं कि अलग-अलग राज्यों में consent to operate के लिए अलग-अलग तरीके से प्रक्रिया

होती थी। एक इंडस्ट्री वाला एक राज्य में same के लिए consent to operate लेता था, दूसरे राज्य में अड़चन आती थी और इसकी सुगमता के लिए हमने केन्द्र सरकार को इस मामले में औद्योगिक संस्था स्थापित करने, संचालित करने के लिए किसी भी राज्य बोर्ड के द्वारा अगर unnecessary delay होती है, अगर उसको consent to operate नहीं दी जाती है, तो इंकार करने या रद्द करने से संबंधित मामलों में दिशा-निर्देश बनाने के लिए अधिकृत किए हैं, ताकि देश के सभी राज्यों में उद्योगों का विकास समान तरीके से हो। केवल हरित या प्रदूषणकारी उद्योगों जैसे कुछ श्रेणियों के उद्योगों का अधिनियम की धारा 25 के तहत संचालन से पूर्व सहमित प्राप्त करने की आवश्यकता से छूट देने का प्रावधान भी अधिसूचना के माध्यम से किया जाएगा। ये सब कार्य बहुत ट्रांसपेरेंट तरीके से होंगे। हमारे देश में State Pollution Control Board में जो अधिकारियों की नियुक्ति होती है, उसमें भी एक समकक्षता होनी चाहिए, एक transparency होनी चाहिए, एक eligibility का पैमाना आना चाहिए। केवल पोलिटिकल तरीके से नहीं होना चाहिए। हम जो आब्जेक्ट रखना चाहते हैं, उस आब्जेक्ट के अंतर्गत नियुक्ति होनी चाहिए। हमारे YSRCP के सुभाष जी ने एक प्रश्न उठाया था कि जो राशि हम इम्पोज के रूप में रखेंगे, इसका फंड कैसे बनेगा। मैं सदन के सामने यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि इसमें जुर्माने का प्रावधान किया गया है, जुर्माने से आने वाली राशि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत एक पर्यावरण संरक्षण निधि में वह सारी राशि रखी जाएगी।

(3T/GS पर जारी)

HK-GS/3T/4.30

श्री भूपेन्द्र यादव (क्रमागत) : जिसका 75 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को दिया जाएगा और इस निधि का उपयोग पर्यावरण संरक्षण और इस एक्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाएगा। इसके लिए भी हम एक रेगुलेशन बनाकर, transparent तरीके से लागू करेंगे। हम इसकी गाइडलाइंस बनाकर देंगे। इस विधेयक के पारित होने के बाद इसके नियमों को बनाया जाएगा और उसके अनुसार कारवाई करने का अधिकार दिया है, लेकिन जुर्माना लगाने वाले जो अधिकारी हैं, उनकी नियुक्ति के लिए भी हमने पूरे तरीके से एक नियमों की प्रक्रिया को बनाने की कार्रवाई की है।

माननीय उपसभापति महोदय, आज Water (Prevention and Control of Pollution) Amendment Bill की बात थी, लेकिन एक, दो सदस्यों ने देश में वायु प्रदूषण के बारे में भी अपने मंतव्य किए हैं और उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सरकार इस संबंध में क्या कर रही है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि नेशनल क्लीन एयर मिशन प्रोग्राम के तहत देश में 131 सिटीज़ का हमने चुनाव किया है और लगातार हम उसके लिए भी कार्रवाई कर रहे हैं। इस बार हमने ऐसा किया है कि जो काम कम कर रहे हैं उनको नहीं, बल्कि जो काम अच्छा कर रहे हैं उनको एक healthy competition के नाते प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं, ताकि सभी शहर अपने यहां पर ज्यादा से ज्यादा क्लीन एयर के लिए काम करें। जब जवाहर सरकार जी बात कर रहे थे, तो वे वॉटर पॉल्यूशन पर कम बोले और renewal energy पर ज्यादा बोले, इसलिए मुझे लगता है कि यह उसका सब्जेक्ट नहीं था। फिर भी मैं कहना चाहता हूं कि

पेरिस एग्रीमेंट में भारत ने जो renewal energy की क्षमता को प्राप्त करने का लक्ष्य 2030 के लिए तय किया था, उस लक्ष्य को भारत ने 2021 में ही 9 साल पहले माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में प्राप्त किया है। मैं कहना चाहता हूं कि यह सच है कि यह जो पूरा हमारा नेचर है, हम कहते हैं कि दुनिया में पंच महाभूत है, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, इसको सबसे ज्यादा कोई इंपैक्ट कर रहा है, तो वह ह्यूमेन बीइंग के द्वारा ही हो रहा है। पृथ्वी का भी टेंपरेचर बढ़ रहा है, जल का भी पॉल्यूशन हो रहा है, एयर का भी हो रहा है, लेकिन इन सबके लिए हमारी सरकार माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में पूरी तरीके से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा यह मानना है कि पर्यावरण और विकास, ये दोनों एक दूसरे के सहारे एक साथ चलने वाले विषय हैं। हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित होना चाहिए और विकास को भी सुगमता होनी चाहिए। विकास की सुगमता से ही देश में गरीबी को दूर किया जा सकेगा और सबको समान रूप से और एक अच्छे तरीके से सम्मान पूर्वक, गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार मिलेगा और यह तभी संभव है जब विकास की सुगमता का पहिया हर एक के घर तक पहुंचे, इसलिए हमारे कानूनों में ease of living, ease of doing business के लिए इतनी सुगमता होनी चाहिए कि गलत काम करने वाले पर जुर्माना हो, अनावश्यक कारावास का दंड न हो, नियुक्तियों के संबंध में योग्यता को स्थान दिया जाए, पैसों को खर्च करने में ट्रांसपेरेंसी हो, राज्यों को 75 प्रतिशत हिस्सा देकर, उनको जल संचय के कार्यक्रमों से जोड़ा जाए और whole of the Government approach को लेकर जल संरक्षण के अलग-अलग कार्य को विभिन्न मंत्रालयों में संयोजित करके जल ही जीवन

है, जल को सुरक्षित रखें और अपनी धरती को हरा-भरा और वसुंधरा को ऊर्जावान बनाकर अमृत काल के भारत का निर्माण प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में करें, इसी लक्ष्य के साथ इस बिल को लाया गया हैं। मैं सब सदस्यों से आग्रह करूंगा कि वे इस बिल को अपना समर्थन दें।

(समाप्त)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the question is:

That the Bill further to amend the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974, be taken into consideration.

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 15 were added to the Bill.

The Preamble, the Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

(Followed by KSK/3U)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Bhupender Yadav to move that the Bill be passed.

श्री भूपेन्द्र यादव: महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि विधेयक को पारित किया जाए।

The question was put and the motion was adopted.